कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / मा–स / 22496 / विविध परीक्षा / 2018 / 334   दिनांक : 23/12/2020

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय)–माध्यमिक।

विषय :– वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित RKCL-RSCIT की परीक्षा हेतु जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर परीक्षा केन्द्र के लिए विद्यालय उपलब्ध करवाने बाबत्।

प्रसंग :– वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा, रावतभाटा रोड़, कोटा का पत्रांकः व.म.खु.विवि. / आर.एस.सी.आई.टी. / 20 / 2619 दिनांक : 16.12.2020

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा, रावतभाटा रोड, कोटा द्वारा **"RKCL-RSCIT"** की दो परीक्षाऐं दिनांक : **31.01.2021 एवं 21.02.2021 (रविवार) को अपरान्ह 12.00 बजे से 01.00 बजे** तक जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाये जाने हेतु आप अपने अधीनस्थ समस्त संस्था प्रधानो को परीक्षा दिवस पर जिला एवं तहसील मुख्यालय के वांछित विद्यालय भवन मय स्टाफ उपलब्ध करवाने एवं विश्वविद्यालय को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही राजभवन के पत्रांक : एफ.(47)आरबी / 2016 / 9845, दिनांक : 08.12.2016 की पालना में परीक्षा केन्द्र वाले समस्त राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानो को विद्यालय के बैंक खाते के सम्बन्ध मे विवरण (खाता न0.बैंक शाखा का नाम व आई.एफ.एस.कोड) परीक्षा के जिला मुख्य पर्यवेक्षक को उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित करे, क्योंकि परीक्षा संबंधी भुगतान **R.T.G.S.** के माध्यम से किया जाना है ।

विश्वविद्यालय की अन्य परीक्षाओं की भांति यह परीक्षा भी एक शैक्षणिक परीक्षा होने के कारण परीक्षा आयोजित करवाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार पारिश्रमिक एवं फुटकर व्यय देय होगा।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. परीक्षा नियन्त्रक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा, रावतभाटा रोड, कोटा को प्रासंगिक पत्र के क्रम में प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि भवन–फर्नीचर किराया एवं बिजली – पानी व्यय पूर्ति हेतु 20/– रूपये प्रति परीक्षार्थी राशि का भुगतान संबंधित परीक्षा केन्द्रों को जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें साथ ही परीक्षा का आयोजन कोविड–19 एवं UGC की गाईडलाईन्स तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की एडवाईजरी के अनुसार करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त भवन लेने एवं विद्यालय को सुपुर्द करने के बाद आवश्यक रूप से सेनेटाईज कराने इसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आपके विभाग की होगी।
2. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
4. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
5. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक करौली
क्रमांक- 758 दिनांक 29/12/20
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समस्त) जिला-करौली
मूल पत्र की पालना सुनिश्चित करें।

F:\Genral letter.docx

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक
करौली (राज०)